लगती नही उनको नज़र, जिन पे तेरी नज़र

लगती नही उनको नज़र, जिन पे तेरी नज़र
रखना मां अपने बच्चों पर, सदा मेहर की नज़र

जिसने भी तुमको माना, उसका हुआ ज़माना
तूने भी उसपे दाती, सदा प्यार है लुटाना
रखती हो मां उनकी ख़बर, जिनपे तेरी नज़र
रखना मां अपने बच्चों पर, सदा मेहर की नज़र

जीवन की बागडोर मां तूने ही तो सम्भाली
सब बाग हैं तुम्हारे, हर बाग की तू माली
मिलती उन्हें सच्ची डगर, जिनपे तेरी नज़र
रखना मां अपने बच्चों पर, सदा मेहर की नज़र

रुतबा है तेरा आली, हे माता शेरोंवाली
उजले हो दिन तुम्ही से, बने रात भी दिवाली
हो जाए मां उनपे असर, जिनपे तेरी नज़र
रखना मां अपने बच्चों पर, सदा मेहर की नज़र

ए शेरोंवाली मैया, नैया की हो खवैया
शिव की कभी ना अटकी,और नाही भटकी नैया
फंसती नहीं नैया भंवर, जिन पे तेरी नज़र
रखना मां अपने बच्चों पर, सदा मेहर की नज़र
लगती नही उनको नज़र, जिन पे तेरी नज़र
रखना मां अपने बच्चों पर, सदा मेहर की नज़र

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33974/title/lagti-nahi-unko-nazar--jin-pe-teri-nazar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |